मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेन्सी क्षेत्र – इन्दौर 27 MAR 2023

क्रमांक 17255/03/2023/चयन इन्दौर दिनांक ....

//विज्ञप्ति//

राज्य सेवा परीक्षा 2020 के साक्षात्कार आयोजन संबंधी सूचना ।

आयोग के विज्ञापन क्र. 03/2020 दिनांक 28.12.2020 एवं शुद्धिपत्रादि के अंतर्गत मध्य प्रदेश शासन के विभिन्न विभाग हेतु राज्य सेवा परीक्षा 2020 के कुल 260 रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन जारी किया गया, उक्त पदों के ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किए जाने की अंतिम तिथि 10.02.2021 निर्धारित थी ।

2/ आयोग द्वारा राज्य सेवा परीक्षा 2020 में मुख्य परीक्षा के घोषित परिणाम दिनांक 05.02.2023 को मुख्य भाग में कुल अर्ह आवेदक 698 एवं प्रावधिक भाग में कुल 265 आवेदकों को साक्षात्कार हेतु प्रावधिक अर्ह घोषित किया गया है, जिसमें आवेदकों द्वारा ऑनलाइन आवेदन के साथ आयोग कार्यालय में अभिलेख भिजवाने की अंतिम तिथि 06.03.2023 निर्धारित थी ।

3/ **राज्य सेवा परीक्षा 2020 के साक्षात्कार आयोग कार्यालय में दिनांक 27.04.2023 से आयोजित किए जाना सुनिश्चित किए गए हैं । पात्रता संबंधी संवीक्षा के दौरान मुख्य परीक्षा में प्रावधिक अर्ह अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी अभिलेखों की संवीक्षा पश्चात् अनर्ह पाए जाने पर चयन के किसी भी स्तर पर निरस्त की जाएगी ।**

4/ उपरोक्त पद हेतु आयोग द्वारा योग्य आवेदकों के साक्षात्कार पत्र आयोग की वेबसाइट www.mppsc.mp.gov.in से दिनांक **18.04.2023** से डाउनलोड कर सकते हैं ।

5/ साक्षात्कार हेतु आमंत्रित आवेदकों को निर्देशित किया जाता है कि साक्षात्कार दिवस को **प्रातः 09:00** बजे आयोग कार्यालय में अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज कराना सुनिश्चित करें । समस्त आवेदक साक्षात्कार पत्र में दर्शित शर्तो का गहनता से परीक्षण कर उसका पालन करना सुनिश्चित करें

MKVerma
स्टॉफ ऑफिसर
27-3-2023